पंजाब केसरी 2-10-2024

स्वच्छता न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी आधार : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 1 अक्टूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मंगलवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व डा. राकेश कुमार ने किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए विद्यार्थियों में जागरुकता फैलाना और स्वच्छता के प्रति उनकी जिम्मेदारियां को समझाना था। स्वच्छता न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी आधार है।

ऐसे अभियानों से न केवल हमारा परिसर स्वच्छ होगा, बल्कि हमारे समाज में एक सकारात्मक बदलाव भी आएगा। उन्होंने कालेज के सभी छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार के अभियानों में हिस्सा लेने का आग्रह किया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में चलाए गए स्वच्छता अभियान में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)

अपने संबोधन में डा. राकेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे हमें व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से निभाना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. सुजाता गोयल ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए इसे समाज की बेहतरी और स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य बताया।

इस अभियान में लगभग 40 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।